Saathi

Date __/__/____

② शैक्षिक तकनीकी द्वितीय अथवा मृदल अथवा कोमल अथवा सॉफ्टवेयर उपागम

③ - शैक्षिक तकनीकी तृतीय अथवा प्रणाली उपागम।

① शैक्षिक तकनीकी प्रथम अथवा हार्डवेयर (कठोर) उपागम :-

शैक्षिक तकनीकी प्रथम अथवा कठोर उपागम को दृश्य- श्रव्य सामग्री या मशीनी प्रणाली के रूप में भी जाना जा सकता है। भौतिक विज्ञान और अभियान्त्रिकी इस तकनीकी का उद्‌गम स्रोत है। शिक्षा में तकनीकी और शिक्षा की तकनीकी जिन दो सम्प्रत्ययों का वर्णन शैक्षिक तकनीकी के सन्दर्भ में किया जाता है, उनमें से यह शिक्षा में तकनीकी के लिए प्रयुक्त की जाती है। विज्ञान एवं तकनीकी विकास के फलस्वरूप रेडियो, टेलीविजन, टेपरिकॉर्डर, प्रोजेक्टर एवं कम्प्यूटर आदि जिन मशीनी उपकरणों का अविष्कार किया गया उन सभी की इस प्रकार की शैक्षिक तकनीकी में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी तकनीकी ने शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का मशीनीकरण कर दिया है। शिक्षण मशीन तकनीकी के द्वारा अध्यापक कम से कम समय में एक साथ अधिक से अधिक छात्रों को शिक्षा प्रदान कर सकता है। इसका सम्बन्ध केवल ज्ञानात्मक पक्ष से होता है।

मीरा मेमोरियल महाविद्यालय
शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
पाण्डेयपुर, ताखा, बलिया

Date __/__/__

इस तकनीकी के द्वारा ही ज्ञान को संचित करना दूसरी पीढ़ी तक पहुँचाना या सम्प्रेषित करना और ज्ञान का विस्तार करना सम्भव हो सका है।

शैक्षिक तकनीकी प्रथम ने शिक्षा जगत् में अनेकों क्रान्तिकारी परिवर्तन किये हैं। दूर-दूर तक फैले उपेक्षित और पिछड़े इलाकों में रहने वाले जन समुदाय तक शिक्षा सुविधाएँ पहुँचाने का कार्य इस तकनीकी के सम्प्रेषण एवं संचार-साधनों के द्वारा ही किया गया है।

सर्वप्रथम ए० ए० लूमसडैन ने 1964 में मशीनी तकनीकी प्रणाली का वर्णन किया अत: शैक्षिक तकनीकी प्रथम अथवा मशीनी उपागम का अर्थ शिक्षण में मशीनों के प्रयोग से है। डेविड महोदय (1971) के अनुसार भौतिक विज्ञान पर आधारित यह मशीन उपागम शिक्षण एवं प्रशिक्षण के लिए अनिवार्य है। जो इनको प्रभावशाली एवं सार्थक रूप प्रदान करती है। वास्तव में मशीन प्रणाली शिक्षा के प्रसार के ~~लिए~~ साथ शैक्षिक सामग्री को संचित करने में सहायक है। यह शिक्षक कार्य की पूरक विधि कहलाती है। जो शिक्षण कार्य को सरल तथा रुचिकर बनाने में सहायता करती है।

प्राचार्य
मीरा मेमोरियल महाविद्यालय
शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
पाण्डेयपुर, ताखा, बलिया

21-9-2020

Page No.